देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंकः 265 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
आखिर क्या है माजरा?




# पेज श्री

देहरादून, गुरूवार, 1 फरवरी 2024




मौसम | अधिकतम 15.0° | न्यूनतम 9.0° | 71752.11

2 बलूचिस्तान में जबरदस्त बम धमाका | 7 कोहली की कप्तानी की कमी खली

# सदियों बाद राम मंदिर का सपना पूरा हुआ

**संसद बजट सत्रः राष्ट्रपति के अभिभाषण में अयोध्या, चंद्रयान, शिक्षा व आतंकवाद का भी जिक्र**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद का बजट सत्र बुधवार से प्रारंभ हुआ। आज देश का बजट पेश किया जाएगा। मोदी सरकार के कार्यकाल का यह आखिरी बजट है। संसद का यह सत्र 10 दिनों का होगा जो नौ फरवरी तक चलेगा। इसमें कुल आठ बैठकें प्रस्तावित हैं। राष्ट्रपति मुर्मु दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। उन्होंने लगभग 74 मिनट के संबोधन में सरकार के विजन और देश में बीते 10 साल की अवधि में हुए कामकाज का विस्तार से जिक्र किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र किया। इस पर सदन में मौजूद सदस्यों ने मेज थपथपाकर बयान का स्वागत किया। आज सरकार अपना अंतरिम बजट पेश करेगी। प्रल्हाद जोशी ने बताया कि बजट सत्र के लिए सरकार का कोई विधायी एजेंडा नहीं है और उसका जोर राष्ट्रपति के अभिभाषण, धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा, अंतरिम बजट की प्रस्तुति एवं जम्मू–कश्मीर के बजट पर होगा।

बुधवार को अपने संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा,आतंकवाद हो या विस्तारवाद, हमारी सेनाएं आज जैसे को तैसा की नीति के साथ जवाब दे रही हैं। जम्मू कश्मीर में आज सुरक्षा का वातावरण है। आज वहां हड़ताल का सन्नाटा नहीं, भीड़भाड़ बाजार की चहल–पहल है। नॉर्थ–ईस्ट में अलगाववाद की घटनाओं में भारी कमी आई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि आतंकवाद हो या विस्तारवाद, हमारी सेनाएं आज जैसे को तैसा की नीति के साथ जवाब दे रही हैं। जम्मू कश्मीर में आज सुरक्षा का वातावरण है।

### मेरी सरकार ने महंगाई को काबू में रखाः राष्ट्रपति मुर्मु

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आगे कहा कि वैश्विक संकटों के बावजूद मेरी सरकार ने देश में महंगाई को काबू में रखा, सामान्य भारतीय का बोझ नहीं बढ़ने दिया। भारत सबसे तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना। लगातार दो तिमाही से भारत की विकास दर 7.5 प्रतिशत से ज्यादा रही है।



### युवा, नारी, किसान, गरीब देश के चार मुख्य स्तंभः राष्ट्रपति

राष्ट्रपति मुर्मु ने आगे कहा कि युवा, नारी, किसान, गरीब देश के चार मुख्य स्तंभ हैं। बीते वर्षों में विश्व ने दो बड़े युद्ध देखे और कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का सामना किया। ऐसे वैश्विक संकटों के बावजूद मेरी सरकार ने देश में महंगाई को काबू में रखा, सामान्य भारतीय का बोझ नहीं बढ़ने दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे हैं लेकिन अब हम बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। नीति आयोग के अनुसार मेरी सरकार के एक दशक के कार्यकाल में लगभग 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु ने आगे कहा, आज दुनिया के कुल रियल टाइम डिजिटल लेनदेन का 46 प्रतिशत भारत में होता है। पिछले महीने यूपीआई से रिकॉर्ड 1200 करोड़ ट्रांजेक्शन हुए हैं। इसके तहत 18 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड लेनदेन हुआ है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा, बीते वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपना सबसे बड़ा समुद्री पुल अटल सेतु मिला। भारत को अपनी पहली नमो भारत ट्रेन और पहली अमृत भारत ट्रेन मिली। भारत की एयरलाइन कंपनी ने दुनिया की सबसे बड़ी एयरक्राफ्ट डील की।

### आलोचना तीखी हो, हुड़दंग न होः पीएम मोदी

पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग आदतन हुड़दंग करते हैं, दस साल में उन्होंने जो किया, वो अपने संसदीय क्षेत्र में 100 लोगों से पूछ लें कि उन्होंने संसदीय क्षेत्र के लिए क्या किया है, शायद ही कोई क्षेत्र का कोई व्यक्ति बता पाए। पीएम मोदी ने आगे कहा कि पूर्ण बजट हम ही लेकर आएंगे। यह सत्र कुछ लोगों के लिए पश्चाताप का एक अवसर है। पीएम मोदी ने कहा, साथियों 2024 के वर्ष का राम–राम। इस नए संसद भवन में जो पहला सत्र हुआ था उसके आखिर में इस संसद ने एक बहुत ही गरिमापूर्ण फैसला लिया था, जो नारी शक्ति वंदन अधिनियम था।

## संक्षिप्त समाचार

### पेटीएम पेमेंट बैंक में डिपॉजिट ट्रांजेक्शन पर रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर फरवरी के बाद किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टटैग में जमा या टॉप–अप स्वीकार करने पर प्रतिबंध लगा दिया। पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर रिजर्व बैंक ने यह कार्रवाई एक व्यापक सिस्टम ऑडिट रिपोर्ट के बाद की है। रिजर्व बैंक ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए ये कार्रवाई की है।

### ममता सरकार ने किया दो लाख करोड़ का घोटाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सीएजी की रिपोर्ट को आधार बनाते हुए भाजपा ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया है। भाजपा के बंगाल प्रदेश अध्यक्ष ने दावा किया कि ममता सरकार ने वर्ष 2018 से 2021 के बीच सरकारी परियोजनाओं पर जो पैसा खर्च हुआ बताया है, उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिया है।

# ज्ञानवापी परिसर में हिंदू पक्ष को मिला पूजा का अधिकार

## ज्ञानवापी केस में कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाराणसी। ज्ञानवापी केस में बुधवार को हिंदू पक्ष में फैसला आया है। कोर्ट ने हिंदू पक्ष को व्यास जी के तहखाना में पूजा–पाठ करने का अधिकार दे दिया है। ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा, हिंदू पक्ष को व्यास का तहखाना में पूजा करने की इजाजत दी गई है। जिला प्रशासन को 7 दिन के अंदर व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने कहा कि पूजा सात दिनों के भीतर शुरू होगी। सभी को पूजा करने का अधिकार होगा।

विष्णु शंकर जैन ने कहा, हम इलाहाबाद हाई कोर्ट में कैविएट फाइल करेंगे। अगर कोर्ट इसकी सुनवाई करेगा तो हम वहां पर तैयार रहेंगे। ज्ञानवापी स्थित व्यास जी के तहखाना को जिलाधिकारी को सौंपने व उसमें पूजा–पाठ का अधिकारी देने की मांग को लेकर पं. सोमनाथ व्यास के नाती शैलेंद्र पाठक की ओर से दाखिल मुकदमे में जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश ने मंगलवार को आदेश सुरक्षित रख लिया था। शैलेंद्र कुमार पाठक की ओर से बीते साल 25 सितंबर को वाद दाखिल कर दावा किया गया था कि ज्ञानवापी के दक्षिण की ओर से मौजूद इमारत में तहखाना है। यह प्राचीन मंदिर के मुख्य पुजारी व्यास परिवार की मुख्य गद्दी है। इस बात के पर्याप्त साक्ष्य हैं कि वंशानुगत आधार पर पुजारी व्यास जी ब्रिटिश शासनकाल में भी वहां काबिज थे और दिसंबर 1993 तक वहां पूजा–अर्चना की है।

### मुस्लिम पक्ष नाराज

कोर्ट का फैसला आने के बाद मुस्लिम पक्ष ने इस पर नाराजगी जताई है। मुस्लिम पक्ष ने कहा है कि फैसले के बाद हाईकोर्ट में इस आदेश के खिलाफ अपील की जाएगी। मुस्लिम पक्ष ने इस फैसले को नकार दिया है। इससे पहले मुस्लिम पक्ष ने एएसआई के सर्वे को भी नकार दिया था। ज्ञानवापी परिसर में स्थित माता श्रृंगार गौरी की भी पूजा का अधिकार मांगा जा रहा है। वहीं, हिंदू पक्ष वाराणसी कोर्ट के फैसले को सबसे बड़ी जीत बता रहा है।

# राधा रतूड़ी बनीं उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड को आज पहली महिला मुख्य सचिव मिल गई है। सरकार ने आईएएस राधा रतूड़ी को प्रदेश का नया मुख्य सचिव बनाया है। बुधवार सुबह इसके आदेश जारी हो गए हैं। बता दें कि 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मुख्य सचिव डॉ.एसएस संधु का कार्यकाल आज समाप्त हो गया है। संधु को सेवानिवृत्ति के बाद छह महीने का एक्सटेंशन दिया गया था, जो आज पूरा हो गया।

वहीं, नई मुख्य सचिव रतूड़ी ने पदभार भी ग्रहण कर लिया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में अपनी प्राथमिकताएं बताई। उन्होंने कहा कि इस समय सरकार की प्राथमिकता यूसीसी को लागू करना है। हमारा पूरा फोकस उस पर रहेगा। वरिष्ठता में सबसे ऊपर इस समय अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी हैं। वैसे तो आईएएस आनंद बर्द्धन भी अपर मुख्य सचिव हैं, लेकिन वह वरिष्ठता में आईएएस राधा रतूड़ी से काफी पीछे हैं। बर्द्धन 1992 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

उत्तराखंड के अलग राज्य बनने के बाद राधा रतूड़ी राज्य के सर्वोच्च प्रशासनिक पद पर आसीन होने वाली पहली महिला आईएएस अधिकारी हैं। इससे सरकार ने अपने इस कदम से महिला सशक्तिकरण का संदेश भी दिया है। वर्तमान मुख्य सचिव डा एसएस संधु का विस्तारित कार्यकाल बुधवार को समाप्त हो गया।

### पदभार

■ राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी समेत संभाल चुकी हैं अहम पद

### 36 साल का है कार्यकाल

आईएएस राधा रतूड़ी अपने 36 वर्ष के कार्यकाल में कई अहम पदों पर आसीन रही हैं। वह अपर मुख्य सचिव महिला सशक्तिकरण, राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी देहरादून समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी भूमिका का निर्वहन कर चुकी हैं।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# ईडी अफसरों के खिलाफ हेमंत सोरेन ने किया केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एससी/एसटी पुलिस थाने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वरिष्ठ कर्मियों के खिलाफ केस दर्ज कराई है। सोरेन के दिल्ली आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी के हालिया तलाशी अभियान के संबंध में पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई थी। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया, ईडी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है... हमें मुख्यमंत्री की अर्जी मिली है।

कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालयरांची में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ कर रही है। इस पूछताछ के मद्देनजर मुख्यमंत्री आवास और राजभवन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं पूरे शहर में 2000 जवानों की तैनाती की गई है। इस बीच सीएम आवास में दो बसें पहुंची हैं। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी ने ईडी के अधिकारियों के ऊपर अपने एसटी होने का हवाला देकर केस दर्ज किया।

### भाजपा नेता निशिकांत दुबे का हेमंत सोरेन पर निशाना

न्यूज डायरी



## हिजबुल्लाह हाइफा शहर पर कर सकता है हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा है कि आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह उत्तरी इजराइल शहर हाइफा पर हमला कर सकता है। मंगलवार को एक बयान में, गैलेंट ने कहा कि इससे युद्ध हो सकता है और अधिक व्यापक तैयारी का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह के पास 150,000 रॉकेट और मोर्टार हैं और वह प्रति दिन संभावित रूप से 8,000 रॉकेट दाग सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि 7 अक्टूबर, 2023 को एक दिन के अलावा हमास जो करने में सक्षम था, यह उससे कई गुना अधिक है। रक्षा मंत्री, जो इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के पूर्व जनरल भी हैं, ने कहा कि हिजबुल्लाह के रॉकेट भी अधिक सटीक, लंबी दूरी के और विनाशकारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रक्षा विश्लेषकों का मानना है कि अगर आयरन डोम ने 80 से 90 प्रतिशत मार गिराने की दर बनाए रखी, तो भी हाइफा और कुछ अन्य शहरों को बड़ा नुकसान पहुंचाने के लिए पर्याप्त रॉकेट मिसाइल ढाल के माध्यम से निकल जाएंगे। इजरायली रक्षा अधिकारियों का अभी भी मानना है कि इजरायल सैन्य दृष्टि से ऐसा युद्ध जीत लेगा और लेबनान में अभूतपूर्व स्तर के वायु सेना के हमले कई दिनों या कुछ हफ्तों के भीतर हिज्बुल्लाह की रॉकेट शक्ति को खराब कर देंगे। हालाँकि, रक्षा थिंक–टैंक ने कहा कि शुरुआती गोलीबारी अवधि में हाइफा सहित उत्तरी इजरायली शहरों को नुकसान होगा और हिजबुल्लाह हमास की तुलना में अधिक समय तक रॉकेट दागने का प्रबंधन कर सकता है।

## चीन में एच3एन2 और एच10एन5 बर्ड फ्लू से इंसान की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में बुधवार को एच3एन2 और एच10एन5 नामक बर्ड फ्लू वायरस से एक 63 वर्षीय महिला की मौत हो गई। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण और रोकथाम प्रशासन ने एक बयान में कहा कि अनहुई प्रांत की महिला की बीमारी की गंभीरता के कारण 16 दिसंबर को मृत्यु हो गई। रोकथाम प्रशासन ने एक बयान में कहा, अनहुई प्रांत की 63 वर्षीय महिला को अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याएं थीं और 30 नवंबर को खांसी, गले में खराश, बुखार और अन्य लक्षण विकसित हुए और 16 दिसंबर को उनकी मृत्यु हो गई। प्रशासन के बयान में कहा गया है कि महिला जिन लोगों के संपर्क में थीं। उन सभी की रिपोर्ट नेगेटिव थी, उनमें कोई संदिग्ध मामला नहीं पाया गया। एजेंसी ने कहा कि वायरस के संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण विश्लेषण से पता चला है कि एच10एन5 वायरस एवियन मूल का है और इसमें मनुष्यों को प्रभावी ढंग से संक्रमित करने की क्षमता नहीं है। इसमें कहा गया है, प्रकोप पक्षियों से मनुष्यों में एक एपिसोडिक क्रॉस–प्रजाति संचरण है। इसमें कहा गया है कि वायरस के लोगों को संक्रमित करने का जोखिम कम है और मानव–से–मानव संचरण नहीं हुआ है। चीन में कई प्रजातियों के कृषि और जंगली पक्षियों की विशाल आबादी है, जो एवियन वायरस के मिश्रण और उत्परिवर्तन के लिए एक आदर्श वातावरण बनाती है।

## दक्षिण कोरिया में पश्चिमी तट के पास अमेरिकी एफ–16 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बुधवार सुबह एक अमेरिकी एफ–16 लड़ाकू विमान दक्षिण कोरिया के पश्चिमी तट के पास पानी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, समय रहते पायलट को विमान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। योनहाप ने बताया ,बुधवार सुबह एक अमेरिकी फाइटर जेट पानी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार पायलट सुरक्षित है। दुर्घटना उत्तरी जिओला प्रांत के गनसन के पास हुई। दक्षिण कोरिया में तैनात अमेरिकी सैनिकों की देखरेख करने वाली यूएस फोर्सेज कोरिया ने योनहाप रिपोर्ट की पुष्टि की और कहा कि वह शीघ्र ही घटना का विवरण जारी करेगी। इससे पहले भी दिसंबर में एक नियमित प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दक्षिण कोरिया में एक अमेरिकी एफ–16 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसे अमेरिकी सेना ने उड़ान के दौरान आपात्कालीन स्थितिष बताया था। उस समय भी पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया था। उस हादसे में भी पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया था और दुर्घटना में कोई अन्य हताहत नहीं हुआ था।

# इमरान खान और बुशरा बीबी को 14 साल की कठोर सजा

**तोशाखाना मामला**

### दोनों आरोपियों पर सामूहिक रूप से 158.30 अरब रुपये का जुर्माना लगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में बुधवार को रावलपिंडी स्थित स्पेशल कोर्ट ने कठोर सजा का एलान किया है। स्पेशल कोर्ट ने दंपति को तोशाखाना मामले में 14–14 साल कैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही कोर्ट ने पीटीआई के संस्थापक इमरान खान को 10 साल के लिए किसी भी सार्वजनिक पद पर रहने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया।

वहीं, विशेष अदालत ने प्रत्येक पर 78.70 करोड़ रुपये और दोनों आरोपियों पर सामूहिक रूप से 158.30 अरब रुपये का जुर्माना भी लगाया। तोशाखाना मामले में स्पेशल कोर्ट का फैसला बुधवार को आम चुनाव से ठीक आठ दिन पहले आया है। विशेष अदालत के न्यायाधीश मुहम्मद बशीर ने आज फैसला सुनाया। मामले में



सुनवाई के दौरान इमरान खान को अदालत में लाया गया, हालांकि, बुशरा बीबी पेश नहीं हुईं। अदालत ने पीटीआई संस्थापक को पेश होने के लिए बुलाया और पूछा कि उनका 342 बयान कहां है? इमरान खान ने जवाब दिया, ष्बयान कमरे में है, मुझे सिर्फ अदालत में पेश होने के लिए बुलाया गया था। न्यायाधीश ने इमरान खान को तुरंत अपना बयान जमा करने का निर्देश दिया और टिप्पणी की अदालत का समय बर्बाद न करें।

इमरान खान ने न्यायाधीश से पूछा कि वह इतनी जल्दी में क्यों हैं और इस बात पर प्रकाश डाला कि उन्हें सिफर मामले में जल्दबाजी में सजा सुनाई गई थी। पीटीआई संस्थापक ने कहा, "वकील अभी तक नहीं आए हैं, मैं उन्हें दिखाने के बाद बयान सौंपूंगा।" इतना कहकर इमरान खान अदालत कक्ष से बाहर चले गए। मंगलवार को इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ तोशाखाना मामले की सुनवाई पीठासीन न्यायाधीश मुहम्मद बशीर के बीमार पड़ने और अस्पताल में भर्ती होने के बाद स्थगित कर दी गई थी। कार्यवाही के दौरान, बुशरा बीबी का बयान आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 342 के तहत दर्ज किया गया था, लेकिन खान के बयान को अगली सुनवाई के लिए टाल दिया गया था। बचाव दल की उस समय अपनी गवाहों की सूची पेश करने की भी योजना है।

तनाव तब भड़क गया जब इमरान खान ने न्यायाधीश को संबोधित करते हुए गवाहों से जिरह करने का अवसर चूक जाने पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, अपनी रक्षा करने का हमारा अधिकार कम कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा, मैं अपना बचाव करने में सक्षम हूं। क्या मुझे आज ही फैसला मिलने की उम्मीद है?

## बलूचिस्तान में हुआ जबरदस्त बम धमाका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिबी। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक जबरदस्त विस्फोट हुआ। यह आतंकी हमला बलूचिस्तान के सिबी में हुआ। धमाके में तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने जानकारी दी कि यह आतंकी हमला शहर के जिन्ना रोड पर हुआ।

सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शाहिद ने कहा कि तीन घायल लोग गंभीर स्थिति में हैं। इस घटना के बाद अस्पताल में आपात स्थिति लागू कर दी गई है। बता दें कि 8 फरवरी को पाकिस्तान को आम चुनाव होने वाले हैं। इस धमाके के बाद देश में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं, इलाकों में पुलिस की सुरक्षा बंदोबस्त भी काफी दुरुस्त कर दी गई है। सिबी के डिप्टी कमिश्नर खुदा–ए–रहीम ने पुष्टि की कि विस्फोट तब हुआ जब पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) की रैली शहर से गुजर रही थी।

पीटीआई बलूचिस्तान के प्रवक्ता नजीर अचकजई ने भी अपने एक उम्मीदवार की रैली को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट में पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं की मौत की पुष्टि की है। कार्यवाहक बलूचिस्तान सूचना मंत्री जान अचकजई ने घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।




## फोटो से छेड़छाड़ पर भड़कीं ऑस्ट्रेलिया की महिला सांसद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की सांसद जॉर्जी परसेल की फोटो के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। समाचार एजेंसी एएफपी के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के एक टीवी चौनल द्वारा सांसद की फोटो में बदलाव किया था। हालांकि, इस फोटोशॉप इमेज को लेकर सांसद ने चैनल को जमकर फटकार लगाई है। विक्टोरिया राज्य की सांसद जॉर्जी परसेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी ओरिजनल और फोटोशॉप इमेज को साझा किया है। दोनों फोटो में अंतर साफ दिखाई दे रहा है। जॉर्जी परसेल ने लिखा– मैंने कल बहुत कुछ सहन किया। एक मीडिया आउटलेट द्वारा मेरे शरीर और पोशाक को फोटोशॉप किया गया। गौर से देखिए आपको दोनों फोटो में अंतर साफ दिखाई दे रहा है। अगर ऐसा एक पुरुष सांसद के साथ होता कैसा लगता।

# मालदीव की राजनीति में खून–खराबा अभियोजक पर दिनदहाड़े चाकू से हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

- भारत का समर्थन करने वाली पार्टी ने किया था नियुक्त

माले। राजनीतिक संकट के बीच मालदीव के अभियोजक जनरल हुसैन शमीम पर दिनदहाड़े बेरहमी से हमला किया गया है। ऑनलाइन समाचार आउटलेट अधाधू के मुताबिक, हमला किसने और क्यों किया है इसका अब तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है।

शमीम पर हमला आज सुबह किया गया और इस समय उनका मालदीव के एडीके अस्पताल में इलाज चल रहा है। मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम सोलिह की सरकार ने हुसैन शमीम को नियुक्त किया था। यह वहीं पार्टी है जो मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग ला रही है।

हुसैन शमीम पर हुए हमले पर डेमोक्रेट्स ने बयान जारी कर कहा कि चूंकि हमला सड़क पर हुआ, इसलिए इसे पूर्व नियोजित और सुनियोजित माना जा रहा है। राज्य में उच्च संवैधानिक रूप से नियुक्त पद पर बैठे व्यक्ति पर इस तरह का हमला पूरी व्यवस्था पर हमला है। यह एक खतरनाक संकेत है। घटना की जांच मालदीव पुलिस द्वारा की जा रही है।

पहले बताया जा रहा था कि शमीम पर धारदार ऑब्जेक्ट से हमला किया गया है। हालांकि, पुलिस ने इस बात से इनकार किया है। पुलिस ने एक बयान में बताया है कि अभियोजक हुसैन शमीम पर किसी भी नुकीली चीज से हमला नहीं किया गया था। देश में हिंसा की बढ़ती घटनाओं के बीच ऐसा मामला सामने आया है। हाल ही में मालदीव की संसद में भी हिंसा हुई जब सरकारी सांसदों ने संसद और अध्यक्षों की कार्यवाही में बाधा डाली थी।

लक्षद्वीप विवाद के बाद अब विपक्षी राष्ट्रपति मुइज्जू को सत्ता से हटाने में जुट गई है। मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी पार्टी मुइज्जू के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर सकती है। संसद में डक्च पार्टी ने सांसदों से लिखित तौर पर समर्थन भी हासिल कर लिया है। विपक्षियों का मानना है कि मालदीव की सुरक्षा और स्थिरता के लिए यह महत्वपूर्ण है।

## उत्तर कोरिया ने क्रूज मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया ने बुधवार को सामरिक क्रूज मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। ये परीक्षण हाल ही में लॉन्च किए गए हथियारों के चयन का हिस्सा है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि मिसाइल ह्वासाल–2 को मंगलवार को पश्चिमी सागर में दागा गया। वहीं, दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि इस प्रक्षेपण के बारे में उन्हें जानकारी मिली है। उनका कहना है एक साथ कई क्रूज मिसाइलों का पता चला है। उत्तर कोरियाई समाचार एजेंसी ने कहा कि इसका मकसद जवाबी कार्रवाई को और एडवांस बनाना और सामरिक क्षमता को ज्याद से ज्यादा बढ़ाना है। गनीमत रही कि इस प्रक्षेपण का पड़ोसी देशों की सुरक्षा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा। उत्तर कोरिया पहले भी ह्वासल–2 सामरिक क्रूज मिसाइल का परीक्षण कर चुका है।

# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# उत्तराखंड में बदला मौसम का मिजाज चकराता में हुई सीजन की पहली बर्फबारी

**मौसम**

## आम लोगों से लेकर किसानों के चेहरे खिले, सेब के बगीचे हुए सफेद

**संवाददाता**

चकराता। उत्तराखंड में मौसम ने करवट बदल ली है। अब एक बार फिर से पहाड़ों पर बर्फबारी का दौर शुरु हो गया है। क्षेत्र के ऊंचाई वाले लोखंडी क्षेत्र में इस सीजन की पहली बर्फबारी हुई। जिसके चलते यहां का तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस होने से ठंड में इजाफा हुआ। कड़ाके की ठंड के बावजूद स्थानीय व बाहरी पर्यटकों ने बर्फ गिरने का आनंद उठाया। खुशी में नाच कर वीडियो व फोटोग्राफी की। लोग बर्फबारी का आनंद उठाते नजर आए। चकराता के लोखंडी क्षेत्र में सीजन की पहली बर्फबारी होने के साथ ही जौनसार बावर के निचले इलाकों में हल्की वर्षा हुई। जिस तरह का मौसम का मिजाज है, उससे लगता है कि पर्यटन स्थल चकराता छावनी बाजार भी जल्द ही बर्फ की सफेद चादर ओढ़ लेगा।



बुधवार सुबह से क्षेत्र का मौसम खामोश था, लेकिन ऐसा मिजाज बदला कि पर्यटन स्थल नगरी चकराता के लोखंडी में सीजन की पहली बर्फबारी हो गयी। लोखंडी में हिमपात व निचले इलाकों में वर्षा होती रही। पछवादून में भी कई जगह हल्की–फुल्की बूंदाबांदी हुई। लोखंडी की ऊंची चोटियां बर्फ से सफेद नजर आ रही है, लेकिन चकराता छावनी बाजार अभी हिमपात से अछूता है, अगर कुछ समय तक मौसम का मिजाज यही रहा तो शाम या रात में चकराता में भी हिमपात हो जाएगा।

मौसम के करवट बदलने से ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी से तापमान में भारी गिरावट आई है। बर्फबारी व वर्षा होने से किसानों व बागवानों के भी चेहरे खिल उठे। किसान व बागवान सुल्तान सिंह चौहान, मेजर सिंह चौहान, रघुवीर चौहान, नरेंद्र, गौरव चौहान, विजयपाल रावत, बृजेश जोशी, महवाल सिंह नेगी, अर्जुन दत्त जोशी, हृदय राम जोशी, सालक राम आदि का कहना है कि बुधवार सुबह क्षेत्र में सीजन की पहली बर्फबारी होने से सब खुश हैं।

पिछले करीब तीन माह से सूखे का दौर चल रहा था। ऐसे में किसान और बागवान लंबे समय से बर्फबारी व बारिश का इंतजार कर रहे थे। पिछले कुछ महीनों से सेब के बगीचों में सर्दी के दौरान होने वाले कार्य भी रुके हुए थे और फसल की बुआई के लिए जमीनों में नमी नहीं थी, जिस कारण फसल की बुआई नहीं कर पा रहे थे। जमीन को नमी मिलते ही अब आलू की फसल की बुआई की जाएगी और देर से सही सेब के बगीचों के लिए बर्फबारी अमृत के समान है। जल स्रोत रिचार्ज होने से ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की समस्या भी उत्पन्न नहीं होगी।

## न्यूज डायरी

### कहीं भारी बर्फबारी और शीत दिवस की संभावना

**संवाददाता** चमोली। मौसम को देखते हुए राज्य आपातकालीन केन्द्र देहरादून से एडवाइजरी जारी की गयी है। मौसम विभाग द्वारा 31 जनवरी के अपराहन से 01 फरवरी तक जनपद में कहीं कहीं भारी बर्फबारी और शीत दिवस की संभावना व्यक्त की गयी। एडवाइजरी में आपदा प्रबंधन आईआरएस प्रणाली के नामित अधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने, किसी भी आपदा दुर्घटना की स्थिति में त्वरित स्थलीय कार्यवाही करते हुए सूचनाओं का तत्काल आदान–प्रदान करने को कहा गया है। साथ ही किसी भी मोटर मार्ग के बाधित होने की स्थिति में संबंधित विभाग को तत्काल सड़क खुलवानें और इस अवधि में लोगों के फंसे होने की स्थिति पर खाद्य सामग्री व मेडिकल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड को बीपीसीएल से 120 करोड़ रुपये का ऑर्डर

**संवाददाता** देहरादून। भारत में अग्रणी ईवी चार्जर निर्माता एनएसईः सर्वोटेक, ने बीपीसीएल से 1800 डीसी फास्ट ईवी चार्जर के बड़े आर्डर को हासिल किया है। इस प्रोजेक्ट का मूल्यांकन 120 करोड़ रुपये है, इसके तहत सर्वोटेक इन 1800 ईवी चार्जरों का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना और राष्ट्र भर में रणनीतिक रूप से तैनात करने में शामिल होगा, खासकर बड़े शहरों में बीपीसीएल पेट्रोल पंपों पर। यह बीपीसीएल ई–ड्राइव प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस कदम से व्यापक ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रोजेक्ट में दो चार्जर वेरिएंट हैं – 60 किलोवाट और 120 किलोवाट – और सर्वोटेक इस विस्तृत प्रोजेक्ट को 2024 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखता है।

### मान इंफ्राकंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने 3.50 करोड़ कन्वर्टबल वारंट्स आवंटित किए

**संवाददाता** देहरादून। कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट और रियल एस्टेट डेवलपमेंट में लीडर मान इंफ्राकंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने 155 रुपये की कीमत पर 543 करोड़ रुपये की संचित टोटल अमाउंट के साथ 3,50,46,100 वारंट्स के आवंटन की घोषणा की है। क्वांट म्यूचुअल फंड और फोर्ब्स ईएमएफ, कोयस ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज फंड, एरीज अपॉर्चुनिटीज फंड लिमिटेड और मिनर्वा वेंचर्स फंड जैसे एफआईआई सहित अनेक नॉन–प्रमोटर ग्रुप एंटिटी को प्रेफेरेंशिएल बेसिस पर उक्त इश्यू का आवंटन किया जाएगा। इससे पहले, कंपनी ने मुंबई शहर के केंद्र में प्रतिष्ठा के प्रतीक पाली हिल, बांद्रा वेस्ट, में एक विशेष रेजिडेंशियल मार्वल के रीडिवेलप्मन्ट के साथ सोफिस्टिकेशन और लग्जरी के क्षेत्र में अपने भव्य प्रवेश की घोषणा की।

## पोरा गांव में पांडव मंडाण के साथ 7 दिवसीय थाती माता पूजन सम्पन

**संवाददाता** पुरोला। प्रखंड रामा सिराईं पट्टी के पोरा गांव में 7 दिवसीय थात माता विशेष पूजा व अर्चना का पांडव व कपिल मुनि महाराज के सानिध्य में गांव की चारों दिशाओं में सतनजा रक्षा सूत्र बंधन के साथ बुधवार को संपन्न हो गया।

रवांई क्षेत्र के गांव –गांव में थात माता की यह विशेष पूजा अर्चना हर पांच वर्षों में एक बार गांव की सुख–शांति,समृद्धि के लिए 7 दिनों तक की जाती है। पूजा अर्चना एवं संस्कृतिक परंपरा पांडव कालीन आस्था की झलक देखने को मिलती है। 7 दिवसीय पूजा के सातवें दिन अर्थात कालरात्रि को गांव, क्षेत्र की सुख समृद्वी–बूरी आत्माओं से रक्षा को पांडव कालीन पांडुलिपि के पंडित बिपिन उनियाल ग्राम देवता,ईष्ट देवता की उपासना कर सत्नजा एवं धागे कच्चे सूत व सात प्रकार के अनाज विभिन्न प्रकार की बली देकर गांव की चारों दिशाओं में सुरक्षा बंधन बांधा जाता हैं।

7 दिनों तक गांव के मध्य थात मांता के प्राचीन काल से बने हवन कुंड में केदार पात्री,सुगंधित जडियों व देवदार लकड़ी से दोनों समय हवन पूजा की जाती हैं। अंतिम दिवस पर खेतों की मिट्टी,पारम्परिक कृषि यंत्रों व औजारों की पूजा की जाती है। थाती माता के मुख्य पंडित घनश्याम बइजलवआन ने बताया कि थाती पूजा हर पांच वर्षों में होती है सदियों व पूर्वजों के समय से ही पाडंव लिपि से थाती माता की पूजा अर्चना व सुरक्षा बंधन किया जाता हैं।




### युवा पीढ़ी देश का भविष्यः पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल

**संवाददाता** पुरोला। विकास खण्ड मोरी के राजकीय इंटर कॉलेज गड़ूगाड़ में परीक्षा पे चर्चा 7वां संस्करण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया , जिसके मुख्य अतिथि पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल रहे। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने बोर्ड परीक्षा से पूर्व देश के छात्र छात्राओं , शिक्षकों तथा अभिवावकों के साथ वर्चुअल संवाद किया और विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से उबारने व परीक्षा को आसान बनाने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर संवाद कर समाधान के टिप्स दिए। मुख्य अतिथि पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है उनको सामर्थ्यवान बनाने के लिए उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है, तथा नशें से दूर रहकर अपने भविष्य को सुदृढ़ करने का प्रयास करना चाहिए।

# चमोली में आरटीआई पर दो दिवसीय कार्यशाला हुई संपन्न

**संवाददाता** चमोली। जनपद चमोली में सूचना अधिकार अधिनियम और नियमावली पर दो दिवसीय जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला बुधवार को संपन्न हुई। प्रशिक्षण के दौरान अपीलीय अधिकारियों, लोक सूचना अधिकारी एवं सहायक लोक सूचना अधिकारियों को सूचना अधिकार अधिनियम–2005, नियमावली–2013 और आरटीआई के संबंध में न्यायालयों की ओर से समय समय पर जारी आदेशों की केस सहित जानकारी दी गई।

कार्यशाला में प्रशिक्षक जिला सेवायोजन अधिकारी मुकेश रयाल ने जानकारी देते हुए कहा कि आरटीआई अधिनियम महज एक अधिनियम नहीं बल्कि एक सच्चे



लोकतंत्र के लिए अनिवार्य शर्त है। उन्होंने बताया कि यदि किसी विभाग में दूसरे विभाग से संबधित सूचना का अनुरोध किया जाता है, तो पांच दिन में संबधित विभाग को अनुरोध पत्र भेज दिया जाए। सूचना जिस स्थिति में धारित है, उसी प्ररूप में आवेदक को सूचना दी जाए। सूचना चाहने के लिए अतिरिक्त शुल्क की आवश्यकता होने पर आवेदक को सात दिनों के भीतर सूचित करें। किसी थर्ड पार्टी के बारे में और व्यक्तिगत सूचना मांगे जाने पर अधिनियम में उल्लेखित प्रक्रिया का अनुपालन किया जाए। कार्यशाला में आरटीआई अधिनियम–2005 और नियमावली के कार्यान्वयन में आने वाली कठिनाइयों और उसके संभावित समाधानों पर स्पष्टीकरण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ बीपी सिंह, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी एसके रतूडी, जिला पर्यटन अधिकारी वृजेन्द्र पांडेय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी विनय जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्य, प्रभारी सूचना अधिकारी रवेन्द्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अपीलीय अधिकारी, लोक सूचना अधिकारी और सहायक लोक सूचना अधिकारी मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने किया सम्मानित

**संवाददाता** हल्द्वानी। पुलिस विभाग में नैनीताल जिले से सेवानिवृत्त होने वाले चार पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने सम्मानित करते हुए धूमधाम से विदाई दी। बुधवार को हल्द्वानी कोतवाली सभागार में पुलिसकर्मियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने ट्रैफिक पुलिस के एसआई मोहन सिंह डोभाल, सिविल पुलिस के राजेन्द्र सिंह अधिकारी, उमेश चंद्र लोहनी और हेड कांस्टेबल गिरीश चंद्र टम्टा के कार्य की सराहना व प्रशंसा की। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। फूल माला पहनाने के बाद एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके बाद पुलिस वाहन में बिठाकर सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कोतवाली से विदाई दी गई। इस दौरान सीओ संगीत, सीओ ट्रैफिक संजय गर्बयाल, आरआई भगवत सिंह राणा आदि लोग मौजूद रहे।

*कोई भी व्यक्ति बाहर की चुनौतियों से नही हारता है, बल्कि वह अपने अंदर की कमजोरियों से हारता है !*
*–अज्ञात।*




# विचार-प्रवाह

देहरादून, गुरूवार, 1 फरवरी 2024

पेज थ्री
www.page3news.in


# मुइज्जू के तेवर

**हैरानी की बात यह है कि उन्होंने देश में भारत विरोधी माहौल बनाने वाला बयान दिया है। इससे लगता है कि उनका ध्यान वहां मार्च में होने वाले संसदीय चुनावों पर केंद्रित है। किसी देश की विदेश नीति घरेलू राजनीति से निर्देशित होने लगे तो यह खतरा पैदा हो जाता।**

अनिल शर्मा।।

आखिर मालदीव ने भारत को साफ–साफ कह दिया कि वह 15 मार्च तक अपनी सेना वहां से वापस बुला ले। यह बात दोनों पक्षों के उच्चस्तरीय कोर ग्रुप की रविवार को हुई बैठक में बताई गई। कोर ग्रुप की यह बैठक मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के एक सप्ताह की चीन यात्रा से लौटने के ठीक बाद हुई।

चीन से लौटने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुद मुइज्जू ने ऐसा बयान दिया, जिसे कूटनीतिक हलकों में असामान्य रूप से कड़ा माना गया। उन्होंने कहा कि हम छोटे देश हो सकते हैं, लेकिन उस वजह से किसी को हमें धौंस दिखाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता। भले ही उन्होंने भारत का नाम नहीं लिया, लेकिन यह स्पष्ट है कि उनका इशारा भारत की ओर था। कुछ ही समय पहले दोनों देशों के बीच एक अप्रिय विवाद हुआ था, जिसमें मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों ने सोशल मीडिया एक्स (पुराना नाम ट्विटर) पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में भद्दे कॉमेंट किए थे। इस पर स्वाभाविक ही न सिर्फ भारत सरकार की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई बल्कि भारतीयों की भावनाएं भी आहत हुईं। हालांकि मालदीव सरकार ने तीनों मंत्रियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की, लेकिन सोशल मीडिया पर बॉयकॉटमालदीव का ट्रेंड चल गया।



फिर भी मालदीव सरकार के ताजा रुख को इस विवाद का परिणाम मानना गलत होगाा। वहां काफी समय से इसकी पृष्ठभूमि तैयार हो रही थी। पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में भी मुइज्जू ने भारतीय फौज की वापसी को बड़ा मुद्दा बनाया था।

ऐसे में अगर वह चीन की ओर झुकने वाली नीति अपनाने की कोशिश कर रहे हैं तो आश्चर्य की बात नहीं है। हैरानी की बात यह है कि उन्होंने देश में भारत विरोधी माहौल बनाने वाला बयान दिया है। इससे लगता है कि उनका ध्यान वहां मार्च में होने वाले संसदीय चुनावों पर केंद्रित है। किसी देश की विदेश नीति घरेलू राजनीति से निर्देशित होने लगे तो यह खतरा पैदा हो जाता है कि वहां दीर्घकालिक राष्ट्रीय हित गौण पड़ने लगेंगे। जिस तरह से मुइज्जू तुर्किये से खाना और यूरोप व अमेरिका से दवाएं मंगाने की बात कर रहे हैं, उससे लगता है कि मालदीव की भू–राजनीतिक स्थिति की सचाइयों से उनका ध्यान या तो हट गया है या उन्होंने कुछ समय के लिए उस तरफ से आंखें बंद कर ली हैं।

तसल्ली की बात यह है कि भारत ने अपना संयत रुख कायम रखा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का यह कहना अर्थपूर्ण है कि 'राजनीति तो राजनीति है।' साफ है, भारत जल्दबाजी में कदम उठाने से बचना चाहता है। वह मालदीव को वक्त देते हुए चलेगा ताकि चुनावी जरूरतें पूरी होने के बाद ठंडे माहौल में इत्मीनान से संबंधों को ठीक करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके।

## भगवान से विनती

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** ऋषि ने अपने माया जाल से दो वानर प्रकट किए। एक वानर के हाथ में जालंधर का सिर था तथा दूसरे के हाथ में धड़। अपने पति की यह दशा देखकर वृंदा मूर्चिछत हो कर गिर पड़ीं। होश में आने पर उन्होंने ऋषि रूपी भगवान से विनती की कि वह उसके पति को जीवित करें। भगवान ने अपनी माया से पुनरू जालंधर का सिर धड़ से जोड़ दिया, परंतु स्वयं भी वह उसी शरीर में प्रवेश कर गए। वृंदा को इस छल का जरा आभास न हुआ। जालंधर बने भगवान के साथ वृंदा पतिव्रता का व्यवहार करने लगी, जिससे उसका सतीत्व भंग हो गया। ऐसा होते ही वृंदा का पति जालंधर युद्ध में हार गया। इस सारी लीला का जब वंदा को पता चला, तो उसने क्रुद्ध होकर भगवान विष्णु को शिला होने का श्राप दे दिया तथा स्वयं सति हो गईं। जहां वृंदा भस्म हुईं, वहां तुलसी का पौधा उगा।

## संपादकीय

### अयोध्या बने ग्लोबल

अयोध्या इन दिनों अपने राम के लिए सज रही है। राम को अपनी जगह पर विराजते हुए देखने के लिए भक्त पहुंच रहे हैं। जब अयोध्या को संवारने की बात हुई, तो कई लोगों ने कहा कि इसका महत्व भी वेटिकन सिटी से कम नहीं। जैसे, वह नगरी दुनिया में अनूठी है, वैसी ही अनूठी है यह अयोध्या नगरी भी। तो वाकई में अयोध्या क्यों नहीं वेटिकन सिटी जैसी? ऐसा शहर, जो ग्लोबल हो। ग्लोबल अपने प्रतीकों, अपने चिह्नों, अपने लोगों से। वेटिकन सिटी दुनिया का सबसे छोटा देश है। दुनियाभर से यहां हर साल लाखों लोग पहुंचते हैं। वेटिकन सिटी यूं तो ईसाई धर्म का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र है, लेकिन इसकी पहचान इतनी ही नहीं है। इसकी आइडेंटिटी ग्लोबल है। 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस मौके पर हमें सोचना चाहिए कि अयोध्या की भी वैश्विक पहचान हो सकती है। अयोध्या का चरित्र भी वैसा ही बन सकता है। यह शहर भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत है। इसी विरासत से यह संदेश निकला कि दुनिया एक परिवार है, वसुधैव कुटुम्बकम। इस वक्त जब सभी की नजरें राम पर हैं, तब उनकी अपनी नगरी उस पुरातन संदेश को फिर से दोहरा सकती है। बल्कि, अब तो और भी ज्यादा मजबूती से।

पाकिस्तान ने कहा कि उसने भी आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है जो पाकिस्तान के खिलाफ काम करते हैं। कुछ ऐसा ही हमलों के बाद ईरान ने कहा था।

# आखिर क्या है माजरा?

मुकुल।।

भारत के पड़ोसी पाकिस्तान और ईरान के संबंध अब तक के सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। ईरानी सेना के पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के बाद अब पाकिस्तानी मिलिट्री ने ईरान के भीतर कार्रवाई की है। इनमें सात लोगों के मारे जाने की खबर है। पश्चिम एशिया में इस्राइल–हमास, यमन के हूती विद्रोहियों पर ऐक्शन के बाद एक और क्षेत्र में नया तनाव खड़ा होता नजर आ रहा है। पाकिस्तान ने कहा कि उसने भी आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है जो पाकिस्तान के खिलाफ काम करते हैं। कुछ ऐसा ही हमलों के बाद ईरान ने कहा था। ईरान के विदेश मंत्री होसेन अमीर–अब्दुल्लाहियन ने दावोस में कहा था कि हम पाकिस्तान की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करते हैं लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। इन्हीं शब्दों में अब पाकिस्तान ने ईरान को जवाब दिया है। पाकिस्तान ने पहले ही आगाह किया था कि उसे जवाबी कार्रवाई का हक है और इसका जिम्मा अब ईरान का ही होगा। पाकिस्तान का दावा है कि जिन आतंकी गुटों पर हमला किया गया उनमें बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी भी है। यह वही संगठन है जिसने कई बार पाकिस्तान में प्रॉजेक्ट्स पर काम कर रहे चीनी नागरिकों को निशाना बनाया है। इस बीच, दावोस



में चल रही वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में हिस्सा लेने गए पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री काकड़ बीच यात्रा से ही देश वापस लौट रहे हैं। वहीं, ईरान के खतम अल–अनबिया एयरबेस के कमांडर ने कहा है कि ईरानी सेना पाकिस्तान से सटे बॉर्डर पर युद्धाभ्यास करेगी। इनमें दर्जनों फाइटर जेट और मिसाइल डिफेंस सिस्टम भाग लेंगे।

दोनों देश लगभग 900 किलोमीटर का बॉर्डर साझा करते हैं। इसके एक तरफ पाकिस्तान का बलूचिस्तान प्रांत और दूसरी तरफ ईरान का सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत है। दोनों देशों ने सीमा पर अशांत बलूच क्षेत्र में लंबे समय से आतंकवादियों से लड़ाई लड़ी है। ईरान का कहना है कि वह सुन्नी आतंकवादी ग्रुप जैश अल–अद्ल के गढ़ों को निशाना बना रहा है। यह ग्रुप ईरान–पाकिस्तान सीमा के दोनों ओर काम करता है और पहले भी ईरानी ठिकानों पर हमलों की जिम्मेदारी ले चुका है। इसका मकसद ईरान के सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता है।

एटमी ताकत पाकिस्तान में बहुसंख्यक सुन्नी हैं जबकि ईरान में शिया बहुसंख्यक हैं। पाकिस्तान ने अपने हमलों के जवाब में कहा है कि उसने कई बार ईरान से शिकायत की थी कि आतंकी लड़ाकों को उसके यहां सुरक्षित पनाहगाह मिली हुई है।

एक–दूसरे की सीमाओं के दोनों ओर सक्रिय अलगाववादियों के खिलाफ पाकिस्तान और ईरान का संघर्ष नया नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में इस अशांत सीमा पर झड़पें रोजाना होती ही रहती हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बढ़ते क्षेत्रीय संघर्ष को देखते हुए ईरान अपनी सीमाओं को मजबूत करना चाह रहा है। पाकिस्तान में हमले से एक दिन पहले ही ईरान ने इराक और सीरिया पर बलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं। दावा किया गया था कि उसने इस्राइली फोर्स के एक जासूसी अड्डे को निशाना बनाया। यमन और सीरिया जैसे संघर्षग्रस्त देशों के उलट मिडिल ईस्ट में ईरान खाली जगह को भरने की कोशिश में है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका और इस्राइल के बढ़ते दबाव के बीच ईरान क्षेत्रीय नेता के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करने की कोशिश में है।

### सूडोकु नवताल- 5353

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -5352 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## अपना ब्लॉग

### नशे और जुए की ऐसी लत

**मोहन।** जब भी मैं नशे और जुएं की लत के कुप्रभाव की बात करता हूँ तो मुझे अपने क्षेत्र के परुवा के परिवार की याद आ जाती है। परुवा का परिवार गांव के बाकी परिवारों से बहुत ही धनाढ्य परिवार था , धनाढ्य का मतलब उन दिनों खेती बाड़ी, जेवर और बड़े बड़े कांसे, ताम्बे और पीतल के बर्तनों वाले परिवार को कहते थे। परुवा के पास सब कुछ था, भाबरी बैल, हरिवाणावी भैंस, आदि उसके चौखट की शान बढ़ाते थे। पता नहीं कैसे परुवा को जुए और शराब की लत पड़ गई। नशे और जुए की ऐसी लत पड़ी कि उसने बर्तन, जेवर खेत खलिहान सभी बेच दिए और शीघ्र ही अकाल मृत्यु की गोद में समां गया। यह लत इतनी खतरनाक होती है कि व्यक्ति अपने बच्चों और परिवार के बारे में नहीं सोचता है। परुवा के बच्चों ने दर दर की ठोकरें खाकर बड़ी मुश्किल से अपनों को संभाला है। नशे के कारोबारी धनवान या कमाने वाले को तो फंसाते ही हैं साथ ही गरीब तबके के बच्चों को भी नशे का गुलाम बनाकर उन्हें ड्रग पैडलर बनाते हैं। यह बहुत ही भयावह है कि 8 से 12 साल के बच्चे इस नशे की गिरफ्त में आ गए हैं।





## नो एंट्री 2 में सलमान–फरदीन और अनिल नहीं, बल्कि दिखाई देंगे 3 बड़े चेहरे

साल 2005 में अनीस बज्मी की डायरेक्टेड और बोनी कपूर की प्रोड्यूस्ड फिल्म नो एंट्री में सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान नजर आए थे। इस मूवी ने उस साल सबसे ज्यादा कमाई की थी और सुपरहिट रही थी। हालांकि कुछ समय बाद दर्शकों की ओर से इसके सीक्वल की मांग की जाने लगी। फैन्स चाहते थे इसका पार्ट 2 लाया जाए। और अब खबर है कि श्नो एंट्री 2श बन रही है। इसकी शूटिंग दिसंबर से शुरू होगी। लेकिन कास्ट नई होगी, कौन, आइए जानते हैं। बोनी कपूर और जी स्टूडियोज नो एंट्री 2 के लिए साथ आ रहे हैं। इसके लिए उन्हें बड़े कलाकार भी मिल गए हैं। सोर्स का कहना है कि अनीस बज्मी इस मूवी के डायरेक्टर के साथ–साथ इसके राइटर भी होंगे। इतना ही नहीं, इसमें अनिल कपूर, सलमान खान और फरदीन खान की जगह मेकर्स वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे। तीनों एक्टर्स स्क्रिप्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने कहानी पर अपनी सहमति भी दे दी है। बताया जा रहा है कि बोनी कपूर और अनीस बज्मी पिछले 6 महीनों में कई बार वरुण, अर्जुन और दिलजीत से मिल चुके हैं। और एक्टर्स का मानना है कि सीक्वल में, 2005 की की तुलना में ज्यादा कॉमेडी होगी। सोर्स ने बताया, श्नो एंट्री 2 बहुत एंटरटेनिंग फिल्म होगी।

## बोनी कपूर बनाएंगे ग्रेटर नोएडा फिल्म सिटी, अक्षय कुमार को नहीं मिला कॉन्ट्रैक्ट

ग्रेटर नोएडा फिल्म सिटी, उत्तर प्रदेश के महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक है। पहले फेज में 230 एकड़ में फिल्म सिटी बनने वाली है, जिसको लेकर चार कंपनियों ने आवेदन दिया था। इनमें से एक कंपनी बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और एक कंपनी फिल्ममेकर बोनी कपूर की भी थी। अब खबर सामने आ रही है कि इस रेस में बोनी कपूर आगे निकल गए हैं और यमुना अथॉरिटी के सेक्टर 21 में बन रहा ये ग्लोबल टेंडर अब उन्हें मिल गया है। यहां खास बात ये भी है कि अगर इस प्रोजेक्ट में देरी होती है तो हर दिन 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगेगा। जानकारी के मुताबिक, बोनी कपूर की कंपनी कंसोर्टियम को पहले फेज में ग्रेटर नोएडा फिल्म सिटी स्थापित करने का मौका मिला है। इसके लिए चार कंपनियों ने आवेदन किया था। ये फिल्म सिटी यमुना अथॉरिटी के सेक्टर–21 में एक हजार एकड़ में बनने वाली है। पहले फेज में 230 एकड़ जमीन के आवंटन के लिए ग्लोबल टेंडर निकाला गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, डेढ़ साल में तीसरी बार शर्तों में बदलाव करके टेंडर निकाला गया है।

## कोंकणा ने फिल्मों और सीरीज में धार्मिक भावनाओं की सेंसरशिप पर जताया डर



किलर सूप एक्ट्रेस कोंकणा सेन अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। इन्होंने कई बेहतरीन फिल्में और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाकर दर्शकों के दिल पर अपनी एक अलग छाप छोड़ी है। मशहूर फिल्ममेकर अपर्णा सेन की बेटी, कोंकणा ने 4 साल की उम्र में ही इंडस्ट्री में कदम रख दिया था। 1983 में वह श्इंदिराश में चाइल्ड एक्टर के रूप में दिखाई दी थीं। और उसके बाद इनका सफर रुका नहीं। अब एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कहा है कि उन्हें डर लगता है कि कब किस बात के लिए एफआईआर हो जाए। ऐसा उन्होंने क्यों कहा, आइए विस्तार से बताते हैं। कोंकणा सेन शर्मा ने कहा कि उन्होंने किलर सूप के लिए बहुत मेहनत की है। उनका कहना है कि एक शो को बनाने में बहुत समय लगता है। जैसे ही आप शूटिंग पूरी करते हैं, आप एक एक्टर के रूप में बहुत कमजोर और संवेदनशील महसूस करते हैं, लेकिन जब तक वह रिलीज होती है, तब तक आप कुछ हद तक रिलैक्स हो जाते हैं, जो कि अच्छी बात है। कोंकणा सेन ने आगे कहा, जब तक भारत में ओटीटी का बोलबाला नहीं था, तब तक मैं फार्गो और ब्रेकिंग बैड जैसी इंटरनेशनल सीरीज देखा करती थी।

# मेरे लिए हार या जीत मायने नहीं रखती!: अंकिता लोखंडे




*टीवी की फेमस एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने बिग बॉस 17 हारने के बाद सोशल मीडिया पर पहला पोस्ट शेयर किया है। अपने इस पोस्ट में उन्होंने पवित्र रिश्ताश सीरियल को याद किया और बताया कि अब वो रिश्तों वाली लड़की से पहचानी जाएंगी। वो ये भी लिखती हैं कि उनके लिए हार या जीत मायने नहीं रखता है। इससे पहले अंकिता के पति विक्की जैन ने उनपर ढेर सारा प्यार उड़ेला था। इस वीडियो की शुरुआत पवित्र रिश्ता के सीन से होती है। इसके बाद उस सीन को दिखाया जाता है, जब अंकिता ने अपने पति विक्की जैन के साथ बिग बॉस 17 में परफॉर्म किया था। इसके साथ ही वीडियो में लिखकर आता है वन मैन आर्मी, जिसने इस शो पर और दिलों पर राज किया। बिग बॉस 17 को द अंकिता लोखंडे शो के रूप में याद किया जाएगा। इसमें दिखाया गया कि कैसे वो फैशन आइकॉन रहीं, बुरे वक्त में को–कटेस्टेंट्स का साथ दिया, उन्हें गले लगाया।*

**पवित्र रिश्ता से शुरू हुई थी जर्नी**

अंकिता ने वीडियो के कैप्शन में लिखा है, एक जर्नी जो शुरू हुई थी पवित्र रिश्ता से, अब और भी ज्यादा यादगार बन गई रिश्तों वाली लड़की की पहचान से! मेरे लिए हार या जीत उतनी मैटर नहीं करती, जितना आपका सपोर्ट करता है और आपके ही प्यार ने यहां तक पहुंचाया है।



**अंकिता ने उतार-चढ़ाव का किया जिक्र**

39 साल की अंकिता ने आगे अपने उतार–चढ़ाव का जिक्र किया। वो लिखती हैं, बेशक उतार–चढ़ाव आए... कुछ चले गए, कुछ रह गए, लेकिन आप लोग हमेशा खड़े रहे! मेरा सपोर्ट करने और मुझे प्यार करने के लिए आप सभी को बहुत–बहुत धन्यवाद। अपने इस पोस्ट में उन्होंने एंडमॉल, कलर्स चौनल, जियो सिनेमा और सलमान खान स्पेशल थैंक्स कहा है।

**अंकिता पर विक्की ने लुटाया प्यार**

विक्की जैन ने अपनी बीवी पर खूब प्यार उड़ेला। उनके लिए पोस्ट शेयर किया और कैप्शन में लिखा, अंकिता, आपने जैन और लोखंडे को गौरवान्वित किया! चाहे जिस तरह से आपने खेल खेला हो या जिस तरह से आपने हार नहीं मानी, हर चीज में आप बेस्ट थीं और मुझे यकीन है कि तुम्हारे सारे फैंस, दोस्त सब प्राउड होंगे तुम्हारे लिए।

**मुनव्वर फारूकी ने जीता शो**

बता दें कि इस सीजन को मुनव्वर फारूकी ने जीता है। फर्स्ट रनरअप अभिषेक कुमार और सेकेंड रनरअप मन्नारा चोपड़ा रहीं। अंकिता लोखंडे टॉप 3 में भी अपनी जगह नहीं बना पाईं।

# लाइव कॉन्सर्ट से पहले परिणीति के पेट में उड़ीं तितलियां

*बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा एक्टिंग के साथ–साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं और अब वो अपने सिंगिंग टैलेंट को अलग मुकाम पर लेकर जा रही हैं। पहले वो कई फिल्मों में गानों को अपनी आवाज दे चुकी हैं, लेकिन अब वो स्टेज पर गाना गाने के सपने को पूरा कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने मुंबई में लाइव कॉन्सर्ट किया। इस दौरान उन्हें कैसा लगा, कितनी नर्वस थीं, पति राघव चड्ढा ने कैसे सपोर्ट किया... इन सबके बारे में भी लेटेस्ट पोस्ट में बताया है।*



**परिणीति चोपड़ा ने बताया कैसा था एक्सपीरियंस**

वो कैप्शन में लिखती हैं, श्सिंगिंग में डेब्यू करने वाली एक सिंगर का पूरा दिन। मेरी नर्वसनेस को कम करने के लिए राघव चड्ढा का कॉल आया और इससे मुझे बहुत मदद भी मिली। पहली बार स्टेज पर एक्सपीरियंस। मैं नर्वस थी। इसलिए गर्मी महसूस हो रही थी। म्यूजिक ने मेरा मूड बना दिया, जैसे कोई नहीं कर पाता। ट्रेंड्स से भरी इस दुनिया में मुझे अपने पिंक फजी चप्पल शूज पसंद हैं। इनमें कंफर्ट मिलता है। 6. पहले शो के लिए मेकअप और हेयर को लेकर घबराहट।

**परिणीति ने फिल्मों में गाए गाने**

परिणीति ने मेरी प्यारी बिंदू में श्माना कि हम यार नहीं गाना गाया। फिर केसरी का फेमस सॉन्ग तेरी मिट्टी का फीमेल वर्जन गाया। वो द गर्ल ऑन द ट्रेन के मतलबी यारियां गाने और ओ पिया को अपनी आवाज दे चुकी हैं।

**परिणीति की फिल्में**

22 अक्टूबर 1988 को जन्मीं परिणीति चोपड़ा ने साल 2011 में लेडीज वर्सेस रिक्की बहल मूवी से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था, लेकिन उन्हें 2012 में इशकजादे फिल्म से पॉप्युलैरिटी मिली। इसके बाद वो शुद्ध देसी रोमांस, हंसी तो फंसी, गोलमाल अगेन, संदीप और पिंकी फरार जैसी फिल्मों में नजर आईं। उन्हें पिछली बार अक्षय कुमार की मिशन रानीगंज में देखा गया और वो 2024 में दिलजीत दोसांझ के साथ अमर सिंह चमकीला में नजर आएंगी।

**पिछले साल हुई है शादी**

पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने पॉलिटिशियन राघव चड्ढा से 24 सितंबर 2023 को उदयपुर में ग्रैंड वेडिंग की। इस शादी में सिर्फ फैमिली मेंबर्स और करीबी दोस्त शामिल थे।

# कभी गलती से भी मुंह में मत डाल लेना ये चीज



**शराब का सेवन**
अत्यधिक शराब का सेवन कई घातक बीमारियों से जुड़ा हुआ है। इसमें कोलोरेक्टल, स्तन, एसोफेगल, अग्नाशय और यकृत कैंसर शामिल हैं। इससे आंतरिक अंगों में सूजन और लीवर को नुकसान पहुंचाने के अलावा, लंबे समय तक शराब के सेवन से लीवर कैंसर की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा, शराब हार्मोन के स्तर को बदल सकती है, जिससे स्तन कैंसर और अन्य हार्मोन संबंधी घातक बीमारियां हो सकती हैं।

*कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो जानलेवा है, कैंसर का नाम सुनते ही मन में खौफ सा बैठ जाता है! हमारा लाइफस्टाइल या जीवनशैली और खाने पीने की आदते अक्सर हमारी सेहत पर असर डालती हैं। कई शोध में यह साबित हुआ है कि हमारी डाइट संबंधी आदतें कैंसर के खतरे को बढ़ा सकती हैं या कम कर सकती है।*

**प्रोसेस्ड मीट्सः** बेकन, सॉसेज और हॉट डॉग जैसे प्रोसेस्ड मीट्स में अक्सर नाइट्रेट और नाइट्राइट शामिल होते हैं, जो गर्म करने पर नाइट्रोसामाइन बनाते हैं, जोकि कोलोरेक्टल और पेट के कैंसर के जोखिम को कई गुना बढ़ा देते हैं। आहार में किसी भी तरह प्रोसेस्ड मीट्स को शामिल करना भारी पड़ सकता है, इसलिए डॉ. मनीष शर्मा छोटी शुरुआत करने की सलाह देते हैं। इसका मतलब यह है कि ऐसे मीट की तलाश की जाए जिसमें वसा और सोडियम की मात्रा कम हो, या जो नाइट्राइट और नाइट्रेट से रहित हों।

**अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्सः** अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स का लगातार सेवन करने से कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। अल्ट्रा प्रोसेस्ड से गुजरने वाले खाद्य पदार्थों में कई हानिकारक रसायन और अत्यधिक मात्रा में चीनी और वसा शामिल होते हैं जो वजन बढ़ाने और मोटापे की समस्या को पैदा करते हैं। ये तत्व महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी के अलावा, सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव को बढ़ा सकते हैं, जो कैंसर के विकास से जुड़े हैं।

**ज्यादा मीठे का शौकः** मीठे पेय पदार्थों के नियमित सेवन से स्तन और पेट के कैंसर होने का खतरा हो सकता है। दरअसल ज्यादा चीनी का सेवन मोटापे और इंसुलिन प्रतिरोध में योगदान करता है। ये दोनों कुछ प्रकार के कैंसर होने के खतरे को दोगुना कर देते हैं। अतिरिक्त, चीनी चयापचय कैंसर कोशिका वृद्धि को बढ़ावा देने में भूमिका निभा सकती है।

**रेड मीटः** रेड मीट का उपयोग प्रोस्टेट और कोलोरेक्टल कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है, खासकर प्रोसेस्ड या बर्नड मीट्स के संबंध में। इसकी उच्च वसा और प्रोटीन संरचना पकाए जाने पर कैंसर पैदा करने वाले पदार्थों के विकास पर प्रभाव डाल सकती है। यह संबंध लाल मांस पर उपयोग किए जाने वाले प्रसंस्करण या खाना पकाने के तरीकों से भी हो सकता है, जिसमें ग्रिलिंग या धूम्रपान भी शामिल है।



## कोविड का इस प्रोटीन पर पड़ता है बुरा असर, अचानक मौत का बनता है कारण!

पिछले कुछ समय से अचानक होने वाले हार्ट अटैक के मामले में बढ़ोतरी हुई है। इस पर कई रिसर्च भी हुई हैं, जिनमें पाया गया है कि कोविड के चलते हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं। हाल ही में हुई एक रिसर्च में भी पाया गया है कि कार्डियक टिशू के स्ट्रक्चर को बनने वाले प्रोटीन (डेस्मोसोमल)डीएसजी 2) पर भी कोविड का असर देखने को मिल रहा है। इसकी वजह से एरिदमोजेनिक राइट वेंट्रिकुलर कार्डियोमायोपैथी (एआरवीसी) होने का डर बना रहता है। जोकि अचानक से होने वाली मौतों से जुड़ी एक दुर्लभ स्थिति है। डॉक्टर का कहना है कि यह कोई नई बात नहीं है। कोविड के अलावा भी कई बीमारियों की वजह से कार्डियक टिशू बनाने वाले प्रोटीन डीएसजी 2 पर असर देखने को मिलता है। हालांकि, कोविड के बाद बढ़ते कार्डियक अरेस्ट के मामलों को देखते हुए यह माना जा सकता है कि कम उम्र के लोगों में कार्डियक अरेस्ट आने की यह भी एक वजह है। रिसर्च में बताया गया है कि कोविड से मरने वाले मरीजों के कार्डियक टिशू का टेस्ट किया गया, तो उसमें एंटी डीएसजी 2 देखने को मिला। डेसमोसोम टिशू की संरचना को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रिसर्च में पाया गया कि कोविड–19 के मरीजों में डीएसजी2 प्रोटीन का स्तर बढ़ा हुआ था।

## शुद्ध सोने के तारों से बनती है दुनिया की यह सबसे फेमस साड़ी

इस बात से हर कोई वाकिफ है कि थोड़ी सी दूरी पर ही न केवल भाषा बल्कि कपड़े पहनने का अंदाज भी पूरी तरह से बदल जाता है। विदेशों में जहां बोल्ड स्टाइल वाले वेस्टर्न कपड़ों को तवज्जों दी जाती है, तो वहीं भारत में साड़ी को सभी आउटफिट पर भारी माना जाता है। यही तो एक वजह भी है कि बॉलीवुड एक्ट्रेसेस से लेकर आम लड़की तक हर कोई स्पेशल ओकेजन के लिए न केवल साड़ी चुनती हैं बल्कि उसमें खूबसूरत भी दिखती हैं। हालांकि, इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह एक यह भी है कि साड़ी एलिगेंट दिखाने के साथ–साथ स्मार्ट और मैच्योर लुक भी देती है। यही तो सबसे बड़ा कारण भी है कि साड़ी ने न केवल आम लोगों के बीच बल्कि फैशन की दुनिया में भी एक अलग मुकाम हासिल कर लिया है। बिल्कुल ऐसा ही कल्चर श्रीलंका का भी है। यह बात हर कोई जानता है कि भारत में बनने वाली साड़ियां बहुत ज्यादा डिमांड में रहती हैं। वहीं पाकिस्ता–बांग्लादेश, नेपाल ने भी साड़ियों के डिफ्रेंट–डिफ्रेंट स्टाइल को अपनाया है। हमारे हमारे पड़ोसी देश श्रीलंका में भी एक खास साड़ी की जबरदस्त डिमांड है, जिसका नाम कैंडियन साड़ी है। आपको बता दें कि कैंडियन साड़ी एक अलग हिस्ट्री और आइकॉनिक पहचान रखती है।

## बिना पता चले शरीर से खून चूस लेता है ये मामूली कीड़ा



आपने किलनी या जूं का नाम तो सुना होगा। यह छोटे कीड़े होते हैं जो पशुओं या इंसानों के बाल या त्वचा में हो सकते हैं। ऐसा ही एक छोटा कीड़ा टिक होता है जिसे बोलचाल की भाषा में चिचड़ी भी कहा जाता है। वास्तव में यह छोटे कीड़े शरीर पर रहकर खून चूसकर जीते हैं। सबसे आफत वाली बात यह है कि यह कीड़े बीमारी भी फैलाने का काम करते हैं। इन छोटे कीड़ों की काटने की वजह से आपको लाइम रोग, रॉकी माउंटेन स्पॉटेड फीवर, कोलोराडो टिक फीवर, तुलारेमिया और एनाप्लाज्मोसिस जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। ऐसा होने से आपको काटने वाली जगह के पास लाल या बदरंग धब्बा या दाने, बुखार, ठंड लगना, पूरे शरीर पर दाने, गर्दन में अकड़न, सिरदर्द, जी मिचलाना, कमजोरी, मांसपेशियों में दर्द या पीड़ा, जोड़ों का दर्द और सूजी हुई लसीका ग्रंथियां जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। टिक को कैसे हटाया जा सकता है। इन कीड़ों को शरीर से हटाने के लिए बहुत से लोग चिमटी का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि टिक हटाने के कई अन्य तरीके हैं। टिक को हटाने के लिए डेंटल फ्लॉस, फिशिंग लाइन या पतला धागा चुटकी की तरह काम करता है। इसके लिए धागे को त्वचा में टिक के सिर के चारों ओर लपेटें। लूप को कस लें और सावधानी से और मजबूती से अपने फ्लॉस या धागे को ऊपर की ओर खींचें।

# टेंशन वाली लाइफ को बदलकर रख देगा यह उपाय

*अक्सर तनाव, चिंता और अनिश्चितता से भरी दुनिया के बीच, हंसी के वास्तविक क्षणों की खोज अराजकता से एक ताजा राहत की तरह महसूस हो सकती है। यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि हंसी में हमारी आत्माओं को ऊपर उठाने की उल्लेखनीय क्षमता होती है, फिर भी मानसिक कल्याण पर इसका प्रभाव महज मनोरंजन से कहीं अधिक होता है। जैसा कि कालातीत कहावत है, "हंसी सबसे अच्छी दवा है, और चल रहे वैज्ञानिक अनुसंधान हमारे मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर हास्य और कॉमेडी के गहन लाभों को प्रमाणित करते हैं।*

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**हंसने के स्वास्थ्य फायदे**
एथेना बिहेवियरल हेल्थ की सीईओ एंड फाउंडर डॉक्टर श्रद्धा मलिक के अनुसार, हंसी के तात्कालिक और निर्विवाद शारीरिक प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जब हम हंसते हैं, तो हमारे शरीर एंडोर्फिन छोड़ते हैं, जो अच्छा महसूस कराने वाले हार्मोन हैं जो खुशी बढ़ाने और दर्द को कम करने के लिए प्रसिद्ध हैं। यह सहज प्रतिक्रिया न केवल हमारे मूड को बेहतर बनाती है बल्कि एक शक्तिशाली तनाव निवारक के रूप में भी काम करती है। हंसी का एक संक्षिप्त दौर परिसंचरण को उत्तेजित कर सकता है, मांसपेशियों के तनाव को कम कर सकता है, और तनाव हार्मोन कोर्टिसोल के स्तर को कम कर सकता है, जिससे हम अधिक आराम और आराम महसूस कर सकते हैं।

**हंसने के सामाजिक फायदे**
इसके अलावा, हंसी सामाजिक संबंधों को पोषित करती है और



पारस्परिक संबंधों को मजबूत करती है। दूसरों के साथ हंसी साझा करने से भाईचारा बढ़ता है और एक सहायक वातावरण में अपनेपन की भावना पैदा होती है जहाँ व्यक्ति समझे जाते हैं और गले लगाए जाते हैं। चाहे इसमें दोस्तों के साथ चुटकुलों का आदान–प्रदान करना, कॉमेडी प्रदर्शन में भाग लेना, या प्रियजनों के साथ हास्य फिल्म का आनंद लेना शामिल हो, हंसी लोगों को एकजुट करती है, हमारी सामाजिक बातचीत को समृद्ध करती है और समुदाय की भावना को मजबूत करती है।

**हंसी से दिमाग को होने वाले फायदे**
हंसी संज्ञानात्मक लाभ प्रदान करती है जो हमारी मानसिक क्षमताओं तक विस्तारित होती है। अनुसंधान इंगित करता है कि हास्य और कॉमेडी रचनात्मकता, समस्या–समाधान क्षमताओं और संज्ञानात्मक लचीलेपन को बढ़ा सकते हैं। अपने दिमाग को चंचल और हल्की–फुल्की गतिविधियों में व्यस्त करके, हम सीखने और स्मृति से जुड़े तंत्रिका मार्गों को उत्तेजित करते हैं, जिससे संज्ञानात्मक कार्य और समग्र मानसिक तीक्ष्णता में वृद्धि होती है।

**मेंटल हेल्थ के लिए फायदेमंद**
इसके अलावा, हंसी को मानसिक स्वास्थ्य उपचार के चिकित्सीय तौर–तरीकों में शामिल किया गया है। लाफ्टर थेरेपी, जिसे हास्य थेरेपी भी कहा जाता है, भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने और अवसाद और चिंता के लक्षणों को कम करने के लिए जानबूझकर हंसी अभ्यास और हास्य हस्तक्षेप का उपयोग करती है। चाहे हंसी योग सत्रों के माध्यम से, कॉमेडी इम्प्रोव कार्यशालाओं के माध्यम से, या चिकित्सा सत्रों में हास्य को एकीकृत करके, यह दृष्टिकोण व्यक्तियों को मानसिक कल्याण की दिशा में उनकी यात्रा में सहायता करने के लिए हंसी की चिकित्सीय क्षमता का उपयोग करता है।



अगले मैच में खेलेंगे मयंक?

इस बीच रमेश ने पुष्टि कर दी है कि मयंक अग्रवाल कर्नाटक के अगले रणजी ट्रॉफी मुकाबले में नहीं खेलेंगे, जो कि सूरत में 2 फरवरी से रेलवे के खिलाफ शुरू होगा। कर्नाटक के कप्तान 9 फरवरी से शुरू होने वाले मुकाबले के लिए उपलब्ध रहेंगे। कर्नाटक का 9 फरवरी से चेन्नई में तमिलनाडु के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मुकाबला होना है।

## खतरे से बाहर, 48 घंटे तक कुछ भी नहीं बोल पाएंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज और कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल खतरे से बाहर हैं और बुधवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। याद हो कि मंगलवार को दिल्ली की फ्लाइट में मयंक अग्रवाल की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें अगरतला के आईएलएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मयंक ने गलती से जहरीला पेय पदार्थ पानी समझकर पी लिया, जिसके बाद उन्हें गले में जलन हुई और होठ पर सूजन आ गई। कर्नाटक के टीम मैनेजर रमेश ने कहा कि मयंक अग्रवाल बुधवार की दोपहर बेंगलुरु पहुंच जाएंगे और क्रिकेटर अलसर व सूजन के कारण अगले 48 घंटे तक कुछ बोल नहीं पाएंगे। मयंक अग्रवाल को अगरतला में दिल्ली की फ्लाइट में असहजता महसूस हुई, जिसके बाद उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में शाम में बयान जारी करके कहा कि मयंक की हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। मयंक अग्रवाल ने अगरतला में अपने मैनेजर के जरिये पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बेईमानी का आरोप लगाया। मयंक जिस सीट पर बैठे थे, वहां एक पाउच के पेय पदार्थ को पानी समझकर पी लिया था।

# भारतीय टीम को खली विराट कोहली की कप्तानी की कमी

क्रिकेट

### इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने रोहित ब्रिगेड के जख्मों पर छिड़का नमक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि अगर भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली होते तो मेहमान टीम हैदराबाद में 190 रन से पिछड़ने के बाद मैच में वापसी नहीं कर पाती। वॉन ने रोहित शर्मा की रणनीति और हिम्मत हारने पर सवाल खड़ा किया क्योंकि भारत को हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में 28 रन की शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

बता दें कि भारतीय टीम ने इंग्लैंड को हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में केवल 246 रन पर ऑलआउट किया और फिर पहली पारी के आधार पर 190 रन की बढ़त बनाई थी। हालांकि, दूसरी पारी में ओली पोप (196) की उम्दा पारी की बदौलत इंग्लैंड ने जोरदार वापसी की और भारत के सामने जीत के लिए 231 रन का लक्ष्य रखा।



भारतीय टीम दूसरी पारी में 202 रन बनाकर ऑलआउट हो गई और मुकाबला 28 रन से गंवा बैठी। ओली पोप जब निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ साझेदारी कर रहे थे, तब रोहित शर्मा की कप्तानी पर सवाल खड़े हो रहे थे। टेस्ट क्रिकेट में भारत को शायद विराट कोहली की कप्तानी की काफी कमी खल रही है। विराट कोहली कप्तान होते तो भारतीय टीम हैदराबाद टेस्ट नहीं गंवाती।

रोहित शर्मा लीजेंड और महान खिलाड़ी हैं। मगर मेरा मानना है कि वो पूरी तरह स्विच ऑफ हो गए थे। बता दें कि भारतीय टीम किसी टेस्ट की पहली पारी में 100 रन से ज्यादा बढ़त हासिल करने के बाद पहली बार घरेलू जमीन पर टेस्ट मैच हारी है। ध्यान देने वाली बात है कि विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने टेस्ट मैच में कभी विरोधी टीम को दूसरी पारी में 400 या ज्यादा रन बनाने नहीं दिए। याद दिला दें कि 2022 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद विराट कोहली ने कप्तानी छोड़ दी थी।

यह खबर हैरान करने वाली थी क्योंकि विराट कोहली ने लाल गेंद क्रिकेट में बतौर कप्तान काफी सफलता हासिल की थी। कोहली ने अपने कार्यकाल में 31 टेस्ट में केवल दो मैच गंवाएं। रोहित शर्मा ने 7 टेस्ट में ही दो मुकाबले गंवा दिए हैं। 12 टेस्ट के बाद भारतीय टीम पहली बार घर में तीन मैचों में विजयी नहीं रही।

# जय शाह लगातार तीसरी बार बने एससी के अध्यक्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बीसीसीआई के सचिव जय शाह को लगातार तीसरी बार एशियन क्रिकेट काउंसिल का अध्यक्ष के लिए चुना गया है। जय शाह ने दो-दो साल के दो टर्न पूरे कर लिए हैं और ये तीसरा कार्यकाल होगा, जहां वह एसीसी के अध्यक्ष का जिम्बा संभालेंगे।

जय शाह के कार्यकाल का एक्सटेंशन श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने किया। एसीसी के अध्यक्ष का नॉमिनेशन में सभी अधिकारियों ने श्रीलंका के राष्ट्रपति शम्मी सिल्वा ने कहा कि जय शाह ने एसीसी के इस पद को बहुत ही अच्छी तरह से निभाया है और उनका क्रिकेट को बढ़ावा देने में काफी योगदान रहा।

दरअसल, श्रीलंका के राष्ट्रपति

■ एक साल के लिए बढ़ाया गया कार्यकाल

शम्मी सिल्वा ने कहा कि जय शाह ने एसीसी के इस पद को बहुत ही अच्छी तरह से निभाया है और उनका क्रिकेट की ग्रौथ में काफी योगदान रहा। बता दें कि जनवरी 2021 में जय शाह ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन से एसीसी की कमान संभाली थी, जिसके बाद एक बार फिर से शाह इस पद को संभालते हुए नजर आएंगे। उनका कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति शम्मी सिल्वा ने कहा कि जय शाह के नेतृत्व में एसीसी ने पूरे एशियाई क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने और विकसित करने में अहम प्रगति हासिल की है। इसके बाद एसीसी के अध्यक्ष पद के लिए जारी रहते हुए जय शाह ने कहा कि मैं एसीसी बोर्ड के निरंतर विश्वास के लिए उनका आभारी हूं। हमें उन क्षेत्रों पर खासतौर से ध्यान देने के साथ खेल के विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए। जहां यह अभी भी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है। एसीसी पूरे एशिया में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



## पिता की मेहनत से स्टार बने रिंकू सिंह, अब गिफ्ट करेंगे कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार रिंकू सिंह को हाल ही में एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन करने के बाद इनाम के रूप में तीन करोड़ रुपये मिले। रिंकू ये पुरस्कार लेने नहीं पहुंचे, लेकिन उन्होंने कहा है कि वह इन पैसों से अपने पापा के लिए कार खरीदेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुए इस कार्यक्रम में रिंकू को एक मेडल और 3 करोड़ की इनामी राशि मिली। इसके बाद रिंकू ने अपने पिता के लिए एक कार खरीदने के प्लान के बारे में बताया है। दरअसल, भारतीय टीम ने साल 2023 में चीन के हांगझाऊ में एशियन गेम्स में ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में गोल्ड मेडल जीता था। गोल्ड मेडल जीतने वाली टीम में रिंकू सिंह अहम प्लेयर थे। उन्हें इनाम के तौर पर 3 करोड़ रुपये की रकम मिली, जिससे उन्होंने अपने पिता के लिए कार खरीदने का मन बनाया है। रिंकू सिंह के बेहतरीन फिनिशर बनने में उनके पिता का अहम हाथ रहा। आईपीएल और डोमेस्टिक क्रिकेट में शानदार परफॉर्म करने के बाद रिंकू लगातार रन बना रहे हैं।

## न्यूज डायरी



### इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट का भारतीय टीम पर तगड़ा हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट का मानना है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का सर्वश्रेष्ठ समय निकल चुका है और पहले टेस्ट में मेजबान टीम को विराट कोहली की कमी खली। बॉयकॉट ने डेली टेलीग्राफ के अपने कालम में लिखा, इंग्लैंड के पास पिछले 12 साल में भारत को उन्हीं की धरती पर हराने वाली पहली टीम बनने का सुनहरा मौका है। भारत को विराट कोहली की कमी बहुत खल रही है। उनके कप्तान रोहित शर्मा लगभग 37 वर्ष के हैं और खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पार कर चुके हैं। वह कई बार असरदार छोटी पारियां खेलते हैं, लेकिन चार साल में घरेलू मैदान पर केवल दो टेस्ट शतक बना पाए हैं। उन्होंने आगे लिखा, श्भारतीय टीम क्षेत्ररक्षण में भी कमजोर हैं। उन्होंने 110 रन के स्कोर पर ओली पोप का कैच छोड़ा था, इससे उन्हें 86 रन का नुकसान हुआ और वे मैच हार गए। इंग्लैंड ने अपने स्वीप और रिवर्स स्वीप से भारत को परेशान किया। भारतीय टीम के लिए 190 रन की बढ़त लेने के बाद हारना चौंकाने वाली बात होगी। घरेलू पिचों पर ऐसा उनके साथ पहले कभी नहीं हुआ था, जहां उन्होंने सोचा था कि वे अजेय हैं।

इस पूर्व दिग्गज ने कहा कि दूसरे टेस्ट में रवींद्र जडेजा का बाहर होना भारत के लिए बड़ा झटका है। वह कमाल का ऑलराउंडर है। शानदार गेंदबाज और बेहतरीन क्षेत्ररक्षक के साथ वह पहले टेस्ट में भारत का शीर्ष स्कोरर भी था। कोहली उनके करिश्माई खिलाड़ी है।

### शोएब बशीर दूसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड टीम से जुड़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच दूसरा टेस्ट विशाखापत्तनम में खेला जाना है। टीम इंडिया को पहले टेस्ट 28 रनों से हार मिली और इसके साथ ही एक अलग तरह की बातें शुरू हो गईं। स्पिन के खिलाफ भारतीय बल्लेबाज अंग्रेजों से कहीं अधिक संघर्ष करते दिखे, जबकि रन बनाने वालों में शामिल केएल राहुल और रविंद्र जडेजा चोटिल होकर बाहर हो गए। अब टीम इंडिया में वह अनुभव नहीं दिख रहा, जो विराट कोहली, केएल राहुल, रविंद्र जडेजा के रहने पर दिखता। दूसरी ओर, इंग्लैंड टीम में शोएब बशीर नाम का खिलाड़ी भी शामिल हो गया है, जो पहले टेस्ट तक भारत नहीं आ सका था। शोएब के भारत पहुंचते हुए इंग्लैंड के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम खुश दिख रहे हैं। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि अगर जरूरत पड़ी तो स्पिनरों की फौज विशाखापत्तनम में उतार दी जाएगी। यहां जानने वाली जरूरी बात यह है कि जिस शोएब बशीर के नाम से मैकुलम उछल रहे हैं वह पाकिस्तानी मूल का है। दूसरी ओर, उनके गुरु यानी कोच का नाम सिद्धार्थ लाहिड़ी है, जो भारत के हैं। वह इंग्लैंड के रॉयल्स अकेडमी के प्रमुख हैं। लाहिड़ी ने अपने चेले की तारीफ करते हुए इंग्लैंड टीम में सिलेक्शन के बाद कहा था– शोएब बशीर उम्दा स्पिनर हैं। मैं यह दावे से कह सकता हूं कि वह आंखों पर पट्टी बांधकर भी गेंदबाजी कर सकते हैं।

### ब्रेंडन मैकुलम ने पकड़ी भारत की सबसे बड़ी कमजोरी, करेंगे गोरिल्ला युद्ध!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** विशाखापत्तनम। इंग्लैंड ने पिछले हफ्ते हैदराबाद में पांच मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट में भारत को 28 रनों से हरा दिया। इस हार के बाद अब भारतीय थिंक-टैंक अपनी रणनीति पर फिर से काम करने को मजबूर हुई है। इसकी पूरी संभावना है कि विशाखापत्तनम में होने वाले दूसरे टेस्ट में रैंक टर्नर पिच मिले। इस बारे में हालांकि इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में उनकी टीम भारत से निपटने को तैयार है। देखा जाए तो स्पिन पिच पर अंग्रेजों को फंसाने का दांव भारत को ही उल्टा पड़ा था। उसके खिलाड़ी स्पिन के आगे खुद ही हथियार डालते नजर आए। अब उनकी इस कमजोरी का इंग्लैंड फायदा उठाने के लिए तैयार है। पहले टेस्ट में भारत की अप्रत्याशित हार के बाद से विशाखापत्तनम में आगामी मैच के लिए तैयार की जाने वाली पिच की प्रकृति के बारे में अटकलें तेज हो गई हैं। मेजबान टीम तेजी से वापसी करना चाहती है। इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि विशाखापत्तनम की पिच हैदराबाद की तुलना में स्पिनरों के लिए और भी अधिक मददगार होगी। भारत ने तीन खिलाड़ियों को शामिल किया है।

हमारा दून

पंजीकृत श्रमिकों को कम्बल वितरण अभियान की शुरुआत करते हुए सीएम



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने डॉ एसएस सिन्धु को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव के रूप में अपना कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर डॉ एसएस सन्धु ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सन्धु को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए राज्य सरकार के कामकाज में उनके ओर से मिले सहयोग के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने सन्धु को कुशल प्रशासक बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में उत्तराखंड ने विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल किया है।

### आशाओं को पढ़ाया सेवा–व्यवहार का पाठ

**संवाददाता** देहरादून। शहर की आशाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से मल्टी स्किलिंग ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सीएमओ कार्यालय से राकेश बिष्ट, संगीता नवानी ने आशाओं को मरीजों की सेवा, व्यवहार, एप पर कार्य करने की तकनीकी जानकारी दी। बुधवार को समापन के मौके पर सभी आशाओं ने दोनों ट्रेनर का आभार जताया। इस दौरान अंजली यादव, नीरज यादव, सुनीता पाल, शबाना, शशिबाला, अरुण शर्मा, बबीता वर्मा, अंजुम आदि मौजूद रही।

### सेंट जोजेफ में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। सेंट जोजेफ स्कूल में बुधवार को किंडरगार्डन के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को एसएसपी अजय सिंह ने पुरस्कार बांटे। एसएसपी ने कहा कि अगर बच्चों की नीव मजबूत होगी तो बुनियाद उतनी ही मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हमारी विरासत और संस्कृति को विकसित करने में अहम रोल निभाती है। ऐसे में हमें इस पर विशेष ध्यान देना होगा। कहा कि आज के बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार भी देने जरूरी हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।

### भक्तिपूर्ण कार्यक्रम ने भक्त हृदयों को स्पंदित किया

**संवाददाता** देहरादून। गुरु–भक्तों के हृदयों में भक्ति की लौ को प्रज्वलित करने व उन्हें अपनी आध्यात्मिक यात्रा में निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु, गुरुदेव आशुतोष महाराज (संस्थापक एवं संचालक, डीजेजेएस) की दिव्य अनुकंपा से दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में 'दिव्य गुरु को नमन' नामक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भक्तिमय कार्यक्रम में दिल्ली–एनसीआर से अनेक भक्त श्रद्धालु उपस्थित हुए। कार्यक्रम में डीजेजेएस के प्रतिनिधियों व प्रचारकों ने प्रेरणादायक विचारों व भावपूर्ण भजनों के माध्यम से समाधि की अवधारणा व महत्व को उजागर किया।

# नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए: सीएम

**निरीक्षण**

- इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर से यातायात व्यवस्थाओं का मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन
- मुख्यमंत्री ने किया आईटीडीए का औचक निरीक्षण

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आईटीडीए का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्प लाईन 1905 और इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाईन के कंट्रोल रूम से अल्मोड़ा जनपद के पच्योना गांव के निवासी लाल सिंह की समस्या सुनी। उन्होंने जिलाधिकारी अल्मोड़ा को निर्देश दिये कि शिकायत का शीघ्र संज्ञान लेते हुए समाधान किया जाए। लाल सिंह ने सीएम हेल्पलाईन 1905 पर शिकायत की थी कि खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के उनका राशन कार्ड रद्द कर दिया गया है। जिसके कारण क्षेत्रीय राशन डीलर द्वारा उन्हें राशन नहीं दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री



ने लाल सिंह से बात करते हुए कहा कि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान किया जायेगा। उन्होंने जिलाधिकारी अल्मोड़ा को निर्देश दिये हैं कि जिला पूर्ति अधिकारी अल्मोड़ा के स्तर पर लंबित इनकी समस्या का समाधान जल्द कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने आईटीडीए के इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर से यातायात व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। उन्होंने यातायात व्यवस्थाओं में लगे सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि यातायात की सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखी जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही भी की जाए। सीएम हेल्पलाईन 1905 के कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कंट्रोल रूम में कार्य कर रहे कार्मिकों से कहा कि लोगों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित जो भी फोन कॉल आ रहे हैं, लोगों से शालीनता से बात कर उनकी समस्याएं सुने और जिस विभाग से संबंधित शिकायत है, यथा शीघ्र संबंधित विभागों को भेंजे। मुख्यमंत्री हर माह स्वयं सीएम हेल्पलाईन 1905 की विस्तृत समीक्षा करते हैं। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान आई.टी.डी.ए की विभिन्न गतिविधियों का जायजा भी लिया।

इस अवसर पर सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम एवं उपाध्यक्ष एम.डीडीए बंशीधर तिवारी भी मौजूद थे।

### पंजीकृत श्रमिकों को कम्बल वितरण अभियान की शुरुआत

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सहस्त्रधारा रोड स्थित आईटी पार्क के समीप उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को कम्बल वितरण कर पंजीकृत श्रमिकों को कम्बल वितरण अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 03 लाख से अधिक पंजीकृत श्रमिकों को 15 दिन के अंदर कम्बल वितरण का कार्य पूर्ण किया जाय।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और हौसला भी बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्रमिकों की सहायता के लिए जो भी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रत्येक पात्र को सुविधाओं का लाभ समय पर मिले। विभिन्न योजनाओं के प्रति उनको जागरूक भी किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमें समाज के हर वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को ऊपर लाने के लिए निरंतर प्रयास करने हैं।

# शेष कार्यों में प्रगति बढाने के निर्देश

**समीक्षा**

■समिति के संयोजक प्रभागीय वनाधिकारी ने की जनपद में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा

**संवाददाता**

देहरादून। ऋषिपर्णा सभागार कलैक्ट्रेट परिसर में नमामि गंगे योजना के तहत जनपद में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी देहरादून की अध्यक्षता में गठित जिला गंगा सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशों के अनुपालन में समिति के संयोजक प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून नीतिशमणी त्रिपाठी एवं समिति के नोडल अधिकारी/जिला



विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल के सयुक्त रूप से समिति की बैठक ली। बैठक में पूर्व दिए गए निर्देशों के क्रम कृत कार्यवाही के क्रम में चर्चा की गई।

बैठक में नगर निगम ऋषिकेश के अधिकारियों को गंगा घाट की सफाई तथा 72 सीढी को अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु नियमित अभियान चलाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों का परिपालन कराने को कहा गया।

बैठक में बताया किया ऋषिकेश क्षेत्र में ढालवाला ड्रन से पशुलोक बैराज एवं पशुलोक बैराज तथा बैराज से हरिपुर कला तक गंगा नदी के दायें तट बाढ मैदान परिक्षेत्र का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नगर निगम ऋषिकेश द्वारा अगवत कराया गया कि ऋषिकेश को 40 वार्डों में कूड़ा उठान कार्य किया जा रहा है तथा कम्पोस्ट पिट बनाने हेतु के लक्ष्य 25 के सापेक्ष 25 पर कार्य पूर्ण किया गया है तथा इलैक्ट्रिक कम्पोस्ट लक्ष्य 05 के सापेक्ष 1 पर कार्य पूर्ण कर लिया गया जिस पर शेष कार्यों में प्रगति बढाने क निर्देश दिए।

समिति के सदस्य ने ग्राम सभा खदरी में गंगा तट स्थित सौंग नदी के संगम क्षेत्र में खाली पड़ी पंचायत की भूमि पर किये जा रहे अतिक्रमण को रोकने और उक्त भूमि को जनहितकारी योजनाओं के लिए संरक्षित करने का प्रस्ताव रखा।

### युवा कांग्रेस ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव प्रकरण में प्रदर्शन किया

**संवाददाता** देहरादून। युवा कांग्रेस ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। एस्लेहाल चौक पर प्रदर्शन करते हुए युवा कांग्रेसियों ने भाजपा का पुतला भी फूंका। कहा कि भाजपा लोकतंत्र में चुनाव की मर्यादा को भी बनाकर नहीं रखना चाहती है।

प्रदर्शन करते हुए युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विपक्ष के खिलाफ भाजपा लगातार साजिश कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के देहरादून दौरे के दौरान भी भाजपा ने परेड ग्राउंड में कार्यक्रम करने की इजाजत नहीं दी। मल्लिकार्जुन खड़के ने देहरादून की रैली में साफ तौर पर चेता दिया था कि आने वाले समय में भाजपा इस लोकतंत्र को चुनाव विहीन करने में तुली है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भी यह सामने भी आ गया है। प्रदर्शन प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत प्रसाद भट्ट बंटू, मोहन भंडारी, जिला प्रभारी नवीन रमोला, रितेश क्षेत्री, रोबिन त्यागी, शिवा वर्मा आदि मौजूद रहे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+






Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।